ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

## दिनांक 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे ख़्वाजा मुईनुददीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यायल परिसर मे स्थित अचार्य नरेन्द्र देव प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित आकस्मिक परीक्षा समिति की बैठक का कार्यवृत्त

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति – अध्यक्ष
2. प्रो0 चन्दना डे – सदस्य
3. प्रो0 एहतेशाम अहमद – सदस्य
4. प्रो0 फ़खरे आलम – सदस्य
5. प्रो0 सौबान सईद – सदस्य
6. डॉ0 नीरज शुक्ल – सदस्य
7. डॉ0 अताउर रहमान आज़मी – सदस्य
8. वित्त अधिकारी – सदस्य
9. कुलसचिव – सदस्य
10. डॉ0 भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक – सदस्य सचिव

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए, बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तत्क्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्य–सूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये हैं–

**बिन्दु संख्या–01 परीक्षा समिति की अष्टम बैठक दिनांक 20.08.2024 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

निर्णय– परीक्षा समिति की आकस्मिक बैठक दिनांक 20.08.2024 के कार्यवृत्त का अवलोकनोपरान्त सम्पुष्टिकरण किया गया।

**बिन्दु संख्या–02 राज्य विश्वविद्यालयों के छात्र/छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाता है, उनकी सभी सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने के सम्बंध मे राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र सं0 ई–7525/20–जी0एस0/2024(मिस–9)दिनांक 18.10.2024 पर विचार।**

निर्णय– परीक्षा समिति द्वारा सम्बंधित प्रकरण पर चर्चा की गयी कि विश्वविद्यालय अधिनियम एवं अध्यादेश में उत्तर पुस्तिकाओं को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की काई ऐसी व्यवस्था नही है। अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जबतक विश्वविद्यालय अधिनियम एवं अध्यादेश में इसकी व्यवस्था नही कर ली जाती तब तक गोल्ड मेडल प्राप्त कर्ता छात्र–छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना विधि सम्मत नहीं होगा।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

बिन्दु संख्या–03 सत्र 2024–25 विषम सेमेस्टर की प्रस्तावित समय सारणी पर विचार।

निर्णय– विश्वविद्यालय के सत्र 2024–25 के आगामी विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परीक्षा समय सारिणी दिनांक 16.12.2024 से 31.12.2024 तक कराये जाने पर संस्तुति व्यक्त की गयी।

**अन्य बिन्दु माननीय अध्यक्ष/कुलपति महोदय की अनुमति से।**

**बिन्दु संख्या–04 सत्र 2024–25 से विश्वविद्यालय के परीक्षा सम्बधित समस्त कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से कराया जाना है किन्तु उत्तर पुस्तिकाओं की कोडिंग एवं डी–कोडिंग का कार्य भौतिक रूप से ही होना है, इस सम्बंध मे एजेन्सी द्वारा यह कार्य कराया जाए या विश्वविद्यालय स्तर पर ही यह कार्य सम्पादित कराये जाने पर विचार विमर्श।**

निर्णय– परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान सत्र 2024–25 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश एवं परीक्षा सम्बंधी कार्य सम्पादित कराया जा रहा है किन्तु अद्यतन समर्थ पोर्टल पर उत्तर पुस्तिकाओं की कोडिंग एवं डी0 कोडिंग हेतु कोई कार्ययोजना उपलब्ध नही करायी गयी है। पूर्व में यह कार्य वर्ष–2018 तक परीक्षा नियंत्रक कर्यालय द्वारा सम्पादित किया जाता था। तदोपरान्त वाह्य एजेन्सी के माध्यम से सम्बंधित कार्य कराया जा रहा था। प्रकरण पर समिति द्वारा विचार किया गया और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं की कोडिंग एवं डी0 कोडिंग का कार्य विश्वविद्यालय स्तर पर ही सम्पादित कराया जाए तथा कोडिंग एवं डी कोडिंग करने वाले कर्मचारी को एक रूपये प्रति कापी मानदेय दिये जाने की भी समिति द्वारा संस्तुति की गयी। माननीय कुलपति महोदय जी के निर्देश के क्रम में उक्त प्रकरण को आगामी वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाये।

**अंत में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरान्त समाप्त हुई।**

Bmisha

(डॉ0 भावना मिश्रा)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष